दिनांक 8 मई 2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

वार्ड 19 कैंप 01 तालाब एवं जलस्रोतों का आयुक्त एस.के. सुंदरानी ने किया निरीक्षण

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एस.के. सुंदरानी ने जोन क्रमांक 2 क्षेत्र अंतर्गत आने वाले कैंप 1 वार्ड 19 के समीप स्थित तालाब का भरी दोपहरी में लगभग 2 किलोमीटर पैदल चलकर निरीक्षण करते हुए उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए!

आयुक्त महोदय द्वारा तालाब में पहुंचकर सर्वप्रथम तालाब में पानी भरे जाने की जानकारी प्राप्त की तत्पश्चात पानी की गंदगी को देखकर आयुक्त महोदय ने स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित करते हुए पानी की शुद्धिकरण के लिए एलम , फिटकिरी, चुना आदि के माध्यम से पानी को साफ करने कहा गया!

तत्पश्चात तालाब के आसपास सफाई के लिए जोन आयुक्त जोन क्रमांक दो एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया!

आयुक्त महोदय द्वारा तालाब के एक छोर से दूसरे छोर का निरीक्षण करते हुए गंदे पानी सम्मिलित होने का निरीक्षण किया गया एवं समीप पर एक तालाब और स्थित होने की जानकारी मिलते ही उस स्थल पर पहुंच गए और दूसरे तलाब को गहरीकरण कर व्यवस्थित करने तथा दोनों तालाबों के बीच के रास्ते में जहां पर पाम के वृक्ष लगे हुए हैं उस स्थल का सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव तैयार करने के लिए जोन आयुक्त सुनील जैन को निर्देशित किया गया है!

आयुक्त श्री सुंदरानी के द्वारा दोनों तालाब की गहराई के बारे में जानकारी प्राप्त की!

आगे बढ़ते हुए देखा कि तालाब के ओवरफ्लो होने के पश्चात निकलने वाली नाली भरी हुई है तथा कई दिन से नाली साफ नहीं दिख रही है साथ ही भ्रमण के दौरान जोन स्वास्थ विभाग के सुपरवाइजर के अनुपस्थिति को देखते हुए जमकर फटकार लगाई तथा त्वरित सफाई करने के साथ साथ नालियों से गंदे पानी तालाब में न जाए इसके लिए जाली लगाने के निर्देश दिए गए!

आसपास के नल कनेक्शनों का परीक्षण कर अवैध नल कनेक्शन के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए गए!

निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त जोन क्रमांक 2 सुनील जैन, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, शिक्षा प्रभारी वाई राजेंद्र राव , सहायक अभियंता वेशराम सिन्हा , उप अभियंता सुरेश केवलानी सहित निगम के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे!

जनसम्पर्क अधिकारी